SWASTIK NEWS

स्वास्तिक न्यूज

सफीदों से प्रकाशित मासिक हिन्दी समाचार पत्र

संपादक: विनय दिवान (मो. 94160-73460) उप संपादक: अभिषेक दिवान (मो. 74047-09000)

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | रविवार 21 अप्रैल, 2024 | वर्ष:03 | अंक :06 | प्रति शुल्क:2/- | RNI No. HARHIN/11380

https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS

स्वास्तिक न्यूज एजेंसी
नाम परिवर्तन, बेदखली वह अन्य किसी भी अंग्रेजी हिंदी अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
M: 7404709000
M: 9416073460

लोकसभा चुनाव

लोकसभा के पहले चरण में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों हुई वोटिंग

पहले चरण में हुआ कुल 68.29 प्रतिशत मतदान

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में लोकसभा के साथ हुए विधानसभा के चुनाव

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

लक्ष्यद्वीप में सबसे ज्यादा तो बिहार में हुआ सबसे कम मतदान

नई दिल्ली : 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक हुई वोटिंग में 68.29 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। 2019 के मुकाबले यह आंकड़ा 1 प्रतिशत कम है। 2019 में फर्स्ट फेज में 91 सीटों पर 69.43% वोटिंग हुई थी। 21 में से 4 राज्यों में 80% से ज्यादा वोटिंग हुई। इनमें सबसे ज्यादा लक्षद्वीप में 83.88% वोटिंग हुई है। इसके बाद त्रिपुरा में 81.62%, बंगाल में 80.55% और सिक्किम में 80.03% मतदान हुआ। 16 में 50-80% के बीच मतदान हुआ। एकमात्र बिहार 50% से नीचे रहा। यहां सबसे कम, 48.88%, वोटिंग हुई।

शुक्रवार को जिन 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई है, इनमें 2019 में भाजपा ने 40, उ्रड ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। और अन्य को 23 सीटें मिली थीं।

प्रथम चरण में अधिकतर सीटों पर मुकाबला इन्हीं 3 दलों के बीच है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। पश्चिम बंगाल और मणिपुर दो राज्यों में वोटिंग के

दौरान हिंसा भी हुई।

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए। अरुणाचल में 76.44% और सिक्किम में 79.86% लोगों ने राज्य सरकार चुनने के लिए वोट डाले।

प्रथम चरण से जुड़ी कुछ रोचक जानकारियां :

अउ्रने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इलेक्शन के पहले फेज में 1618 उम्मीदवारों में से 450 यानी 28% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे

ज्यादा की संपत्ति है। ADR की रिपोर्ट के मुताबिक, 10% यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 7 उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 18 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 35 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले भी दर्ज हैं। ये उम्मीदवार सभी पार्टियों में मौजूद हैं। एक भी ऐसी पार्टी नहीं है जिसके किसी भी उम्मीदवार पर कोई केस नहीं हैं।

21 राज्यों के 102 सीटों पर

फर्स्ट फेज में 1,625 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला कैंडिडेट हैं। 8 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी इस बार चुनाव मैदान में हैं। इस फेज के बाद 26 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग होगी। कुल 7 फेज में 543 सीटों पर 1 जून को मतदान खत्म होगा। सभी सीटों के रिजल्ट 4 जून को आएंगे। नगालैंड के 6 जिलों में लगभग 0% वोटिंग हुई है। जिनमे मोन, लॉन्गलेंग, तुएनसान्ग, नोकलाक, शामाटोर और किफिर ये जिले सामिल है। ये सभी पूर्वी नगालैंड में आते हैं। ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन इन जिलों के लिए अलग प्रशासन और पहले से अधिक वित्तीय स्वंत्रता की मांग कर रहा है। इस संगठन ने इन जिलों के लोगों से चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की थी। इम्फाल में उपद्रवियों ने एश्ट जलाई, तोड़फोड़ भी हुई मणिपुर के पूर्वी इम्फाल जिले के मोइरंगकंपू में चुनाव के दौरान आगजनी की घटना सामने आई है। यहां उपद्रवियों ने एश्ट मशीन को जला दिया। जिले के खुरई लाईखुटलेंबी में गुस्साए लोगों ने एश्ट मशीन में तोड़फोड़ कर दी। इन लोगों का आरोप था कि हथियारबंद बदमाशों ने उनका वोट डाल दिया। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में भी फायरिंग हुई। मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर) पर इस फेज में वोटिंग हुई। हिंसा को देखते हुए आउटर सीट के कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी।

न्यूज ब्रीफ...

हरियाणा में बदला एडमिशन पैटर्न, अब नौवीं कक्षा में दाखिले के लिए छात्रों का टेस्ट नहीं ले सकेंगे स्कूल

स्वास्तिक न्यूज /सुनिल कमानिया

चंडीगढ़: हरियाणा में अब कोई प्राइवेट या फिर सरकारी स्कूल एडमिशन के लिए विद्यार्थियों का टेस्ट नहीं ले सकेगा। सरकारी स्कूल से आठवीं पास करने वाले सभी विद्यार्थियों को नेबरहुड विद्यालय को स्क्रीनिंग किए बगैर दाखिला देना होगा। ऐसा न करने पर स्कूल पर कार्यवाही भी होगी। यह हरियाणा में छात्रों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। हरियाणा में अब कोई निजी या सरकारी स्कूल दाखिले के लिए विद्यार्थियों का टेस्ट नहीं ले सकेगा। सरकारी स्कूल से आठवीं पास करने वाले सभी विद्यार्थियों को नेबरहुड विद्यालय को स्क्रीनिंग किए बगैर दाखिला देना होगा। अगर कोई भी कोई नेबरहुड स्कूल नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए बच्चे का टेस्ट लेता है तो पहली बार में 25 हजार और फिर हर मामले में 50 हजार रुपये तक जुमार्ना वसूला जाएगा।

फैसला न मानने पर लगेगा 25 से 50 हजार का जुमार्ना

कौन से होते हैं नेबरहुड विद्यालय

नेबरहुड विद्यालय की श्रेणी में वह स्कूल आते हैं, जो बच्चे के निवास से पैदल दूरी के भीतर स्थित हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, मौलिक शिक्षा अधिकारियों और खंड मौलिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। सरकार के पास शिकायत पहुंची थी कि कुछ विद्यालयों द्वारा बच्चों को दाखिले से पहले टेस्ट लिए जा रहे हैं, जो शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 13 का खुला उल्लंघन है। नियमानुसार कोई भी स्कूल किसी बच्चे को प्रवेश देते समय न तो कोई कैपिटेशन शुल्क लेगा और न ही बच्चे या उसके माता-पिता का टेस्ट लेगा। ऐसा करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने कहा कि

सभी राजकीय विद्यालयों को निर्देशित कर दिया गया है कि सरकारी स्कूल से आठवीं पास करने वाले विद्यार्थी का नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए नेबरहुड स्कूल द्वारा कोई टेस्ट न लिया जाए। अगर ऐसा करते हुए कोई सूचना मिलती है तो इसके उपर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

माता के जागरण में जा रहे परिवार के साथ हुआ हादसा

स्वास्तिक न्यूज संवादाता

अंबाला: हरियाणा के अंबाला जिले में तेज रफ्तार स्विफ्ट गाड़ी ने महिला को कुचल दिया। जबकि उसके तीनों बच्चों को भी चोटें आई है। महिला अपने पति व बच्चों के साथ रिश्तेदारी में माता के जागरण में जा रही थी। हादसा बराड़ा थाना के अंतर्गत आने वाले गांव सुभरी-अध्योया रोड पर शुक्रवार देर शाम हुआ। मृतक महिला की शिनाख्त गांव टंगाली निवासी सुमन पत्नी लक्ष्मण दास के रूप में हुई है। गांव ढंगाली निवासी लक्ष्मण दास ने बताया कि वह कारपैंटर का काम करता है। उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें 11 साल का अनमोल, 9 साल का नमन और 5 साल की सोनम है। वह शुक्रवार शाम साढ़े 7 बजे अपने दोस्त की बाइक पर तीनों बच्चों व अपनी पत्नी सुमन के साथ बराड़ा अपनी रिश्तेदारी में माता के जागरण में जा रहा था। लक्ष्मण दास ने बताया कि जैसे ही वे गांव सुभरी अड्डा से अधोया की तरफ थोड़ा आगे पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट गाड़ी (ल्फ्र-07ह-9232) ने टक्कर मार दी।

ग्रुप-उ में जॉइनिंग की मांग को लेकर हरियाणा में बेरोजगार युवकों की बारात 'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है' गाने पर सड़कों पर झूमे युवा

सेहरा बांधकर डीजे पर डांस किया युवकों ने सरकार पर कसा तंज

नवीन जयहिंद ने रांडा पेंशन के बहाने साधा पूर्व सीएम पर निशाना

रांडा पेंशन शुरू करने से बात नहीं बनेगी: जयहिंद

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

करनाल: हरियाणा के करनाल में शनिवार को युवाओं ने ग्रुप-उ में जॉइनिंग को लेकर बेरोजगारों की बारात निकाली। बारात पुराने बस स्टैंड के पास कर्ण पार्क से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों पर निकली।

साथ ही बारात की तरह युवाओं ने सड़क पर दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है गाना बजाकर डांस किया। इस प्रकार के प्रोग्राम के सहारे युवाओं ने सरकार को जगाने की कोशिश की और इशारों में सरकार पर तंज कसा। प्रदर्शन कर रहे युवाओं का कहना है कि सरकार ने सिर्फ युवाओं को गुमराह करने का काम किया है। युवा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (उएळ) के पेपर क्लियर कर चुके हैं, उसके बाद भी भर्तियां नहीं हो पाई हैं और बेरोजगार युवा सड़कों पर भटक रहे हैं। बेरोजगारों की बारात की अगुवाई जयहिंद सेना के प्रमुख नवीन जयहिंद

ने की। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवा पहले भी बैंड, बाजा और बारात 2 बार निकाल चुके हैं और आज करनाल में तीसरी बार बारात निकाली जा रही है। आज प्रदेश का युवा करनाल में एकत्रित हुआ है और मांग कर रहा है कि प्रदेश सरकार नई भर्ती करे, ताकि युवाओं को रोजगार मिले और जो भर्तियों के जो मामले कोर्ट में अटके पड़े हैं, उनकी पैरवी हरियाणा सरकार करे, ताकि जल्द से जल्द युवाओं को नौकरियां मिल सके।

नवीन जयहिंद ने कहा की उनका राजनीतिक पार्टी से कोई मतलब नहीं है। नवीन जयहिंद से जब विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हमें किसी भी राजनीतिक पार्टी से कोई मतलब नहीं है और न ही यह राजनीतिक प्रदर्शन है। सरकार युवाओं को सिर्फ नौकरियां दे दे। 22 और 23 अप्रैल को कोर्ट में तारीख है और उनमें मजबूती से पैरवी करें। अगर मुख्यमंत्री ने भर्तियां करवा दी तो भंडारा भी करवाया जाएगा। हम सिर्फ बेरोजगारों के साथ हैं। नवीन जयहिंद ने कहा कि नेता गांव में आते हैं तो उन्हें आने दें और किसी भी तरह से नेताओं का रास्ता न रोकें, न ही उनके साथ कोई दुर्व्यवहार करें। नेताओं से सिर्फ सवाल पूछें, बेरोजगारी के ऊपर सवाल पूछें, सेहत के ऊपर सवाल पूछें, शिक्षा के ऊपर सवाल पूछें।

उन्होंने सरकार पर निशाना साधा की ना ही अभी ग्रुप सी की ना ही ग्रुप डी की भर्ती के बारे में सरकार में कुछ क्लियर किया है। युवाओं को सिर्फ उलझाया हुआ है।।

नवीन जयहिंदी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि रांडा पेंशन शुरू करने से बात नहीं बनेगी जयहिंद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने युवाओं को आश्वासन दिया था कि भर्तियां होंगी, लेकिन आज तक वह नहीं हुई। सरकार ने रांडा पेंशन जरूर शुरू कर दी, जिसके लिए सरकार का धन्यवाद है, लेकिन रांडा पेंशन शुरू करने से बात नहीं बनेगी, भर्तियां करें। अगर नौकरियां नहीं मिली तो सारे हरियाणा का युवा बेरोजगार रह जाएगा। मुख्यमंत्री ने कमिटमेंट की थी, इसलिए उनको याद दिलाने के लिए युवा करनाल में बारात लेकर आए हैं।



ओलावृष्टि से हुआ गेंहू की फसल को काफी नुकसान, सीएम नायब सिंह जायजा लेने पहुंचे

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

करनाल: हरियाणा के करनाल में शुक्रवार को हुई बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। जिसके बाद आज शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल के इंद्री एरिया में ओलावृष्टि से खराब हुई किसानों की फसल का जायजा लेने पहुंचे। यहां किसानों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। जिसका जवाब देते हुए सीएम ने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए कृत संकल्पित है। किसानों की खराब फसल के लिए सरकार की ओर से विशेष कार्यवाही की जाएगी और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की भलाई के लिए सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिनका किसानों को पूरा लाभ मिल रहा है। आज बीजेपी के शासन में प्रदेश के किसान खुशहाल हैं। शुक्रवार शाम को इंद्री क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल खराब हो गई थी। सीएम के अलावा इस अवसर पर उनके साथ इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष अमनदीप सिंह विर्क, मेहर सिंह कलामपुरा, धर्मपाल शांडिल्य, रघुबीर बत्तान सहित अन्य भाजपा के नेता एवम् किसान आदि मौजूद रहे।

हर 5 साल में 5 मिनट निकाल लें, CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने वोट डालने को लेकर लोगों से की अपील

कहा-भूलकर भी वोट डालने का अवसर न खोएँ

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव-2024 का आगाज हो चुका है। 19 अप्रैल को 21 राज्यों में पहले चरण की वोटिंग संपन्न कराई गई। वहीं अब चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सीजेआई चंद्रचूड़ ने देश के सभी नागरिकों (जो मतदाता हैं) से अपील की है कि वे अपना वोट डालने के लिए जरूर जाएं। वह भूलकर भी वोट डालने का अवसर न खोएँ और अपने देश के लिए वोट करें। सीजेआई ने कहा कि, नागरिकता के सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक है अपना वोट डालना। इसलिए एक भारतीय नागरिक होने के चलते अपने देश के लिए हर 5 साल में 5 मिनट निकाल लीजिए। यह संभव है, है ना? आइए गर्व के साथ वोट करें, मेरा वोट, मेरी आवाज।

हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी है

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि, दुनिया के एक सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश भारत के हम सब नागरिक हैं।

हमें एक भारतीय नागरिक के तौर पर लोकतंत्र में संवैधानिक रूप से कई तरह के अधिकार मिले हैं उनमें से सरकार चुनने का भी एक अधिकार मिला है। लेकिन हमें भी संवैधानिक रूप से अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए और एक भारतीय नागरिक होने के नाते वोट डालने को लेकर गर्व करना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि हम यह न सोचें कि हम वोट डालने जाएँगे तो वहाँ लंबी लाइन में खड़ा होना पड़ेगा। सीजेआई ने कहा कि आप लाइन में कहीं भी हों लेकिन आपके वोट की वैल्यू भी उतनी ही होगी जितनी सबसे आगे वाले की है। सभी नागरिकों के वोटों के वैल्यू एक ही है।

मैं हमेशा वोट डालने को चिंतित रहा

सीजेआई ने कहा कि जब मैं लॉयर बना था और काम के सिलसिले में अलग-अलग जगहों पर जाना पड़ता था। इस बीच मैं हमेशा चिंतित रहता था कि मेरा वोट मिस नहीं होना चाहिए। मैं उस एक अहम दिन पर अपना वोट जरूर कर सकूँ और मैंने कभी भी एक भारतीय नागरिक होने के नाते अपना वोट मिस नहीं किया। इसलिए मैं उन सभी भारतीय नागरिकों से अपील करता हूं जो मतदाता हैं कि वे वोट डालने के अहम अवसर को न खोएँ और एक जिम्मेदार नागरिक बनते हुए अपने देश और अपनी मातृभूमि के लिए वोट करें।

शराब घोटाला कांड: मनीष सिसोदिया ने वापस ली अंतरिम जमानत याचिका

अब 30 अप्रैल को होगा फैसला, मिलेगी राहत या जेल

स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट 30 अप्रैल को अपना फैसला सुनाएगी। फिलहाल, मनीष सिसोदिया 26 फरवरी 2023 से जेल में बंद हैं।

दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका वापस ली। सिसोदिया के वकील ने कहा अदालत नियमित जमानत पर फैसला कोर्ट सुरक्षित कर चुकी है, इसलिए वह अंतरिम जमानत की याचिका वापस ले रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी।

सिसोदिया की जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने कहा पूरी सोसायटी आर्थिक अपराधों से पीड़ित है, इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर है, अगर जमानत दी गई तो सिसोदिया आगे की जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया की नियामित जमानत याचिका पर राउज ऐवन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगा।

सीबीआई ने कहा सिसोदिया घोटाले के किंगपिन हैं उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए, जमानत मिली तो सिसोदिया सबूतों से छेडछाड कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनावी रैली, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

राहुल गांधी पर कसा तंज, कहा जल्द ही भागेंगे वायनाड को भी छोड़कर

स्वास्तिकन्यूज/संवाददाता

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनावी रैली की जहां उन्होंने पहले चरण में वोट देने वालों को धन्यवाद दिया। ढट ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इंडी गठबंधन को उम्मीदवार नहीं मिल रहा। वायनाड में राहुल को संकट दिख रहा है।

जैसे वे अमेठी छोड़कर भागे हैं, उन्हें वायनाड छोड़कर भी भागना पड़ेगा। नांदेड़ के बाद ढट मोदी ने परभणी भी जनसभा की। यहां उन्होंने कहा, '2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहा था, तब आतंकी हमलों के डर, आए दिन बम धमाके की खबरें छाई रहती थीं। 5 साल बाद 2019 में सीमा पार से होने वाले हमलों की चर्चा बंद हो गई और

सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा होने लगी। उन्होंने बीजेपी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि ये तो मोदी है, घर में घुसकर मारता है। हर जगह यही चर्चा होने लगी।' पीएम मोदी ने आगे कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक की बात सुनकर शौर्य की ये धरती महाराष्ट्र भी गर्व से भर गई थी। हिंदुस्तान के हर नागरिक को इस पर गर्व हुआ था। ठउ्रअ सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। हमारी सरकार हर जाति, पंथ के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि आजादी के समय कांग्रेस ने देश का विभाजन करवा दिया, आजादी के बाद कश्मीर की समस्या खड़ी कर दी। कांग्रेस ने 370 के बहाने बाबा साहेब का संविधान कश्मीर में लागू नहीं होने दिया। वहां के दलितों को इतने साल तक अधिकार ही मिलने नहीं दिए।

नरेंद्र मोदी की रैली की कुछ खास खबर

पीएम ने कहा कि 4 जून के बाद इंडी गठबंधन एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेगा। एक दूसरे के बाल नोंचने वाले हैं। आप बताईए कोई भी समझदार नागरिक इनके लिए वोट करेगा क्या? मैं मतदाताओं को कहता हूं कि आइए जी-भरकर ठउ्रअ को वोट दीजिए। ठउ्रअ को वोट करना है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि यह गठबंधन भारत के लोगों को यह बताने में असमर्थ है कि गठबंधन का नेता कौन होगा। इनके के उम्मीदवार एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। विदर्भ में कांग्रेस के रवैए से किसान कमजोर हुए पीएम ने नांदेड़ में इंडी गठबंधन को लेकर यह भी कहा कि आपकी समस्याओं का ये कभी समाधान कर सकते हैं क्या? कांग्रेस ने दशकों तक महाराष्ट्र और विदर्भ-मराठवाड़ के आसपास दम घोंटने वाला काम किया है। इस क्षेत्र में सूखे की स्थिति पानी का संकट एक दिन में नहीं पैदा हुआ है। कांग्रेस के रवैए के चलते किसान कमजोर होते गए। लाखों युवाओं को पलायन करना पड़ा। हमने विदर्भ के श्रीअन्न को दुनिया में पहचान दिलाई अब 80 फीसदी से ज्यादा घरों में नल से जल आने लगा है। अपर गंगा प्रोजेक्ट चल रहा है। किसानों को प्रीमियम से 5 गुना ज्यादा क्लेम फसल बीमा के तहत दिलाया। नांदेड़ के किसानों को 1300 करोड़ से ज्यादा किसान सम्मान निधि से मिले। हमारी सरकार ने मोटे अनाज को पहचान दी, श्री अन्न कहा। ये यहां बहुत पैदा होते हैं। ये दुनियाभर में सुपरफूड बोला जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के दिए हर जख्म का इलाज करना ये मोदी की गारंटी है। इस क्षेत्र को शक्तिपीठ एक्सप्रेस वे और समृद्धि महामार्ग जैसी वर्ल्ड क्लास रोड मिली है। उड़ान योजना के तहत नांदेड़ एयरपोर्ट को फिर से शुरू किया गया। ढट आवास के तहत हजारों को गरीबों को पक्के आवास मिले हैं।उन्होंने आगे कहा की अगले 5 साल में मराठवाड़ा-महाराष्ट्र को बहुत आगे ले जाएंगे ये तो अभी ट्रेलर है। अभी हमारा बहुत समय कांग्रेस के गड्ढों को भरने में गया है। अगले 5 साल में हमें मराठावाड़ और महाराष्ट्र को बहुत आगे ले जाना है। नांदेड़ की यह धरती सिख गुरुओं के चरणों से पवित्र हुई। गुरुगोविंदजी की सीख हमेशा हमारी सरकार के लिए प्रेरणा रही है। हमारा बहुत समय कांग्रेस के गड्ढों को भरने में गया है। अगले 5 साल में हमें मराठावाड़ और महाराष्ट्र को बहुत आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से गुरुग्रंथ साहिब को हमारी सरकार मयार्दा के साथ भारत लाई। कांग्रेस 84 का बदला अब तक सिखों से ले रही है ये हमारी ही सरकार है, जो बंटवारे के पीड़ितों के लिए उअअ लेकर आई। ये न होता तो अफगानिस्तान से आए भाईयों-बहनों का क्या हुआ होता। कांग्रेस इसका भी विरोध कर रही है। ऐसा लगता है कि 84 का बदला अब तक कांग्रेस सिखों से ले रही है।

पूर्व पार्षद सहित दो पक्षों में हंगामा, हंगामा इतना बढ़ा की 6 से ज्यादा गाड़ियों के शीशे टूटे

हरियाणा के गुरुग्राम में दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ा की चली गोलियां और पत्थर

- निगम चुनाव को लेकर हुआ विवाद
- 50 वर्षीय दिनेश अस्पताल में भर्ती

स्वास्तिक न्यूज संवाददाता

गुरुग्राम के राजेंद्र पार्क के धनवापुर में दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया की जिसमे, फायरिंग और पथराव की वजह से 6 गाड़ियों के शीशे टूट गए।



धनवापुर गांव में शुक्रवार देर रात पूर्व पार्षद नवीन दहिया व उनके सामने रहने वाले दिनेश के परिवार में विवाद हो गया। एक पक्ष से गोली चलाए जाने की बात सामने आई है। इस पथराव में घरों के बाहर खड़ी आधा दर्जन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। उनके शीशे टूट गए। इस हमले में गंभीर रूप से घायल 50 वर्षीय दिनेश को मेदांता में भर्ती कराया गया है।

वहा पर मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां पर रात भर पुलिसकर्मियों को तैनात रखा गया। दिनेश के परिवार वालों ने पूर्व पार्षद नवीन दहिया, उनके भाई सुनील व अन्य लोगों पर घर में घुसकर मारपीट का भी आरोप लगाया है।

सुनील जो की नवीन पार्षद का भाई है वह सुनील उर्फ तोता, तोता गिरोह का सरगना है। बताया जाता है कि यह दो दिन पहले ही बेल पर जेल से बाहर आया था। आरोप है शुक्रवार शाम इसने अपने साथियों के साथ पहले दिनेश दहिया के कार्यालय पर पहुंचकर उस पर हमला किया। दिनेश दहिया काफी गंभीर स्थिति में है । उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद दिनेश के परिवार वालो ने घर के बाहर हंगामा किया। इस पर तोता गिरोह के गुर्गों ने हवाई फायरिंग की। इसके बाद स्थिति और खराब हो गई। उसके बाद दोनों पक्षों में पथराव किया गया। दोनों परिवार एक ही खानदान के हैं। दोनों परिवारों में आने वाले निगम चुनाव में खड़े होने को लेकर विवाद है। पुलिस छानबीन में लग गई है और करवाई शुरू कर दी है।।

शार्ट सर्किट से लगी आग,20 एकड़ गेहूं के अवशेष जले

स्वास्तिक न्यूज/हरीश

असन्ध।बिजली विभाग द्वारा दिन के समय में बिजली छोड़े जाने के कारण गेहूं के अवशेषो में आग लगने से परेशान किसानों ने गांव दनौली में सफीदों असंध मार्ग पर जाम लगा सरकार व प्रसाशन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम की सुचना के बाद थाना प्रभारी गौरव पुनियां पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानो को समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसान बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पर अड़े रहे। किसानों ने थाना प्रभारी के आश्वाशन के बाद जाम को खोला। किसान नेता छत्रपाल सिंधड़, बलदेव, अमृतपाल, दिलेर, पलविंदर, नरेंदर, विक्रमजीत, अंग्रेज आदि ने कहा कि सरकार द्वारा 1 अप्रैल से दिन के समय लाइट बंद की हुई है। लेकिन यहां एक फार्म होने की वजह से बिजली विभाग के अधिकारी मिलीभगत कर लाइट छोड़ते हैं। जिससे दिन के समय तारों में स्पार्किंग होने की वजह से खेत में आग लग गयी। जिससे किसानों की तुड़ी का नुकसान हुआ है। किसानों ने कहा कि बार बार शिकायत के बाद भी बिजली विभाग लापरवाही बरतता है। किसानों को इसकी मार झेलनी पड़ती है। उन्होंने सरकार से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने और बिजली विभाग के अधिकारियो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। किसानों द्वारा सड़क को जाम किये जाने के बाद दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी लाइने लग गई।

बाहर ही नहीं, अब घर में भी सुरक्षित नहीं है बेटियां

पिता ने बेटी से किया दुष्कर्म का प्रयास

स्वास्तिक न्यूज संवाददाता

रेवाड़ी :हरियाणा में पाप के रिकॉर्ड का कारवां बढ़ता जा रहा है। रेवाड़ी में एक शर्मसार करने वाली खबर आई है। जहां एक पिता पर बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है, बेटी में बताया की पिता विरोध करने पर करता था मारपीट, कई बार दी जान से मारने की धमकी हरियाणा बाप बेटी के पवित्र रिश्ते के लिए देशभर में जाना जाता है, पर आज इसी हरियाणा में बाप बेटी के रिश्ते पर कलंक लग गया। जब भी बेटी के हिफाजत की बात आती है तो उसके अपने शुभचिंतकों में दो नाम (मां और बाप) सबसे ऊपर होते हैं। लेकिन जब एक पिता ही अपनी बेटी का दुश्मन बन जाए तो इससे अधिक शर्मशार करने वाली बात और क्या ही हो सकती है।

रेवाड़ी में एक बेटी ने अपने सगे पिता पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं विरोध करने पर मार पिटाई और जान से मारने की धमकी भी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि पिछले कई दिनों से उसका सगा पिता उससे जबरदस्ती करने का प्रयास कर रहा है और वह जब इसका विरोध करती थी तो वह उसके साथ पिटाई करता और जान से मारने की धमकी देता था। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी और समाज में पिता की इज्जत की खातिर यह सब किसी को नहीं बताती थी, लेकिन जब उसका पिता शराब पीकर लौटा और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा तब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मार-पिटाई की। दिन में स्कूल जाकर उसने अपनी सहेली के फोन से यह सब अपनी मां को बताया तो उसकी मां और मामा स्कूल पहुंचे। जिसके बाद पुलिस को एक लिखित शिकायत दी, जिसमें पिता द्वारा अपनी ही बेटी से जबरदस्ती करने और मार-पिटाई जैसे गंभीर आरोप लगाएं है। 3 साल पहले आरोपी पिता द्वारा उसकी मां को भी मार पिटाई कर घर से निकाल दिया था। तभी से उसकी मां अपने गांव चली गई थी। शिकायत के बाद अब बावल थाना पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छात्रा का आज मेडिकल कराया जाएगा। और उसके बाद ही आगे की रिपोर्ट सामने आएगी। और पूरे मामले को समझा जा सकता है।। यह घटना अमानवीय और अकल्पनीय है। जिसने पूरे देश को शर्मसार कर दिया ।।

हादसे में 3 दोस्तों की मौत, एक घायल

- शादी समारोह से लौट रहे थे, रास्ते में हुआ हादसा

स्वास्तिक न्यूज संवाददाता

हरियाणा के चरखी दादरी में एक हादसा हो गया है। हादसा नेशनल हाईवे 334 बी पर गांव इमलोटा के समीप हुआ। यहां शादी समारोह से लौट रहे युवकों की कार खड़े ट्रक से टकरा गई।

कार टकराने की वजह से तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है।गंभीर व्यक्ति को उसी समय उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस मामले की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार गांव इमलोटा निवासी प्रदीप, साहिल (20), दीपक (27) और खेमचंद (28) झज्जर जिले के छुछकवास में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। समारोह में शिरकत के बाद वे बीती रात को वापस गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान गांव इमलोटा से थोड़ी दूर पहले सड़क पर सरसों के तुड़ा से भरा ट्रक खड़ा था। युवकों की सियाज कार इस खड़े ट्रक से टकरा गई। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार सवार लोगों को संभाला। कार सवार तीन युवकों साहिल, दीपक व खेमचंद की मौके पर ही मौत हो चुकी थी और प्रदीप गंभीर रूप से घायल था। उसे चरखी दादरी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

ड्राइवर पर कार्रवाई की मांग करने लगे परिजन , पुलिस कागजी कार्रवाई में जुटी हुई है और सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

चरखी दादरी सदर थाना प्रभारी तेजपाल ने बताया कि रात करीब दो-ढाई बजे कार सवार शादी समारोह से लौट रहे थे। उसी दौरान सामने से लाइट पड़ने के कारण उनकी कार सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। चालक ने ट्रक को आधा सड़क पर और आधा नीचे खड़ा कर रखा था। उसने गलत तरीके से ट्रक को पार्क किया था जिसकी वजह से हादसा हो गया ।।

बच्चों से भरी स्कूल बस की ऑटो से हुई टक्कर

स्वास्तिकन्यूज संवाददाता

महेंद्रगढ़: हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में आज एक बड़ा हादसा होने से बच गया। नारनौल के पार्क गली के सामने एक निजी स्कूल की बच्चों से भरी बस व ऑटो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें ऑटो ड्राइवर मामूली रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों ने उसको इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है। ऑटो ड्राइवर की स्थिति अब सामान्य है।

वहीं स्कूल बस से हुई टक्कर के बाद आसपास के अनेक लोग वहां पर जमा हो गए। कुछ देर बाद स्कूल प्रबंधक भी मौके पर पहुंचे। हादसे के दौरान बस में सवार बच्चे सहम गए थे।

नारनौल के रेलवे रोड से एक निजी स्कूल की बस बच्चों को लेकर सिंघाना रोड पर स्थित स्कूल की ओर जा रही थी।

वही महावीर चौक से एक तेज गति से ऑटो रेलवे स्टेशन की ओर ले जा रहा था। यहां पर पार्क गली के सामने मोड होने की वजह से ऑटो व निजी स्कूल बस में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसके कारण बस का एक किनारा ऑटो को लग गया। इस टक्कर से ऑटो चालक घायल हो गया। स्कूल बस के साथ टक्कर होने की जानकारी मिलते ही वहां पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए। किसी को भी किसी भी तरह की कोई गंभीर चोट नहीं लगी है। सभी बच्चों एवम् ऑटो चालक की हालत सामान्य है।।

इंसानियत को झकझोरने वाली घटना जींद से आई सामने, कपड़े बदलते समय रूममेट दोस्त ने खींची फोटो

स्वास्तिक न्यूज सुनिल कमानिया

जींद : हरियाणा के जींद में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने, कपड़े बदलते समय उसकी न्यूड फोटो खींचने और धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर चंडीगढ़ पुलिस को भेजी है। जींद के एक लड़के और लड़की के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जींद शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने बताया कि उसकी बेटी चंडीगढ़ में कोर्स करने के लिए गई हुई थी। इस दौरान उसके साथ जींद की एक अन्य लड़की भी कमरे में ही रहती थी। पटियाला चौक क्षेत्र के रवि नामक लड़के ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो उसने बताया कि उसके पास उसकी न्यूड फोटो हैं। इन्हें देख वह हैरान रह गई और डर गई। नाबालिग बच्ची की मां ने बताया कि उसकी बेटी के साथ रहने वाली लड़की ने चंडीगढ़ में कोर्स की पढ़ाई के दौरान कपड़े बदलते वक्त उसकी न्यूड फोटो खींच ली थी। इन फोटो को दिखाकर रवि ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जान से मारने की धमकी भी दी। महिला थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर रवि और दूसरी लड़की के खिलाफ छेड़छाड़, पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने कहा की इस प्रकार की घटना किसी भी तरीके से स्वीकार्य नहीं है। दोषियों को मिलेगी जल्द से जल्द सजा।।

चरखी दादरी में गेहूं निकालते समय व्यक्ति के चिथड़े उड़े, हुई दर्दनाक मौत

स्वास्तिक न्यूज सुनिल कमानिया

गेहूं: हरियाणा के चरखी दादरी के गांव डालावास में गेहूं निकालते समय मशीन में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। वह हड़बा मशीन में फंस गया। पांव के उपर के उसके शरीर के इससे चिथड़े उड़ गए। सूचना मिलने पर बाढ़ड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद श्रमिक के शव के मांस को लोथड़े की मशीन से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए चरखी दादरी के सिविल अस्पताल पहुंचाया है। व्यक्ति मौके पर ही मशीन में मर गया था। पुलिस ने मामले की कार्रवाई शुरू कर दी है। चरखी दादरी के गांव डालावास निवासी करीब 33 वर्षीय बिजेंद्र एक मजदूर था जो मेहनत मजदूरी कर अपने 3 बच्चों सहित

परिवार का पालन पोषण करता था। बीती रात को गांव डालावास निवासी एक किसान के खेत में गेहूं निकलवाने के लिए वह मजदूरी पर गया था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। हड़म्बा मशीन में आने के कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जब वह गेहूं निकाल रहा था तब मशीन के अंदर श्रमिक बिजेंद्र का पैरो से ऊपर का पूरा हिस्सा मशीन में कट गया है। घटना की जानकारी रात को पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। मृतक के भाई अनूप व उसके साथी ने बताया कि उन्हें बताया गया है कि गेहूं निकालते समय हाथ फिसलने से वह मशीन के अंदर आ गया है। इससे अधिक उनके पास जानकारी नहीं है। उन्होंने मांग की है कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है जिसके बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा जाएगा। खबर सुनते ही पूरे गांव में शोक का माहौल है सभी गांव वालो का परिवार को सांत्वना देने के लिए आना जाना लगा हुआ है ।।

गेहूं की आवक अधिक मात्रा में देखते हुए अनाज मंडियां रविवार को रहेंगी बंद : मुख्य सचिव हरियाणा

सम्बंधित एजेंसियां व ठेकेदार गेहूं के उठान कार्य को लेकर लाएं तेजी: उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा

स्वास्तिक न्यूज/ विनय दीवान

जींद 20 अप्रैल हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि अबकी बार हरियाणा में गेहूं की बम्पर पैदावार हुई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अनाज मंडियों में एक साथ अधिक मात्रा में आने वाले गेहूं से खरीद कार्य व गेहूं उठान को लेकर अव्यवस्था होने की संभावना है। गेहूं खरीद की समुचित व्यवस्था कार्य को दुरुस्त करने को लेकर अगले 24 घंटे के लिए सभी अनाज मंडियों को बंद रखा जाए। मुख्य सचिव ने यह निर्देश शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी उपायुक्तों व खरीद एजेंसियों से जुड़े अधिकारियों को दिये। उपायुक्त ने मुख्य सचिव को आश्वस्त करते हुए बताया कि

जिला में अब तक 83 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। जिसमें से 24 प्रतिशत उठान का कार्य हो चुका है और कल सांय तक लगभग 50 प्रतिशत उठान का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के अधिकारियों से कहा कि अनाज मंडियों में एक साथ अधिक मात्रा में गेहूं की आवक हुई है।

उन्होंने गेहूं खरीद के लिए लगी एजेंसियों से जुड़े अधिकारियों व गेहूं उठान कार्य में लगे ठेकेदारों को कहा कि जिला की सभी अनाज मंडी/खरीद केन्द्रों में जो गेहूं पहले खरीदा गया है उसका उठान करें इसके बाद ही नए सिरे से गेहूं को खरीदा जाए, ताकि मंडियों में किसानों व आढ़तियों का समय बच सकें। उन्होंने संबंधित एसडीएम व खरीद एजेंसियों से जुड़े अधिकारियों को कहा कि वे समय-समय पर अनाज मंडियों का दौरा कर गेंहू के उठान कार्य को देखें और इस कार्य में और तेजी लाएं, ताकि किसानों की शेष बची गेंहू को भी जल्द से जल्द खरीदा जा सके। उपायुक्त ने खरीद एजेंसियों व ठेकेदारों को कहा कि लिफ्टिंग के लिए अधिक से अधिक श्रमिक व ट्रांसपोर्ट का प्रबंध करें और संभव हो सके तो रात्रि के समय में भी लिफ्टिंग का कार्य चलता रहे ताकि समयबद्ध तरीके से उठान के कार्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से कहा चुकिं बे मौसमी बारिश होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता लिहाजा गेहूं खरीद व उठान के कार्य में लगे कर्मी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कानून कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी,हैफड से पुनीत पंघाल,हरियाणा वेयर हाउस से डीएम रोहतास दहिया,एफसीआई से राजीव चौधरी उपस्थित रहे।

एसडीएम मनीष कुमार फोगाट ने किया अनाज मंडियों का दौरा

मंडियों से गेहूं उठान को लेकर करें श्रमिकों तथा ट्रांसपोर्ट का अतिरिक्त प्रबंध : एसडीएम मनीष कुमार फोगाट

अभिषेक दीवान /स्वास्तिक न्यूज

सफीदों 20 अप्रैल सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फोगाट ने शनिवार को उपमंडल की लगभग आधा दर्जन अनाज मंडियों/अन्न खरीद केन्द्रों का दौरा कर गेंहू खरीद व उठान कार्यो में और तेजी लाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। एसडीएम ने अपने दौरे के दौरान सफीदों की अनाज मंडी, हाट,पिल्लूखेड़ा समेत उपमंडल की लगभग आधा दर्जन अनाज मंडियों/खरीद केन्द्रों पर पहुंचकर गेहूं खरीद से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारियों व लिफ्टिंग के कार्य में लगे ठेकेदारों को कहा कि अनाज मंडियों में एक साथ अधिक मात्रा में गेंहू आने के कारण मंडियों में व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए गेहूं के उठान कार्य में तेजी लाएं।

उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद के बाद तय समय सीमा में उठान का कार्य करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडियों में आवागमन बाधित नहीं हो और खरीद प्रक्रिया समुचित चलती रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि मंडियों में व्यापारियों और किसानों को कोई समस्या आती है तो प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान किया जाये । इतना ही नहीं फसल की राशि का भुगतान भी नियमानुसार समय पर किया जाये । उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं निरंतर ठीक प्रकार से होनी चाहिए। संबंधित एजेंसियां और ट्रांसपोर्ट उठान का कार्य तेजी से करें, ताकि मंडी में अपनी फसल को लेकर आने वाले दूसरे किसानों को जगह और जाम जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

इस मौके पर उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने आढ़तियों को कहा कि वे गेहूं खरीद प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दें। किसी भी किसान को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। अगर किसी भी प्रकार की परेशानी है तो इसकी सूचना तुरंत दें ताकि समस्याओं को प्राथमिकताओं के आधार पर दूर किया जा सके।

उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि तय मापदंड अनुसार तथा दिए गए शेड्यूल के अनुसार ही मंडियों में फसल लेकर आएं, ताकि फसल बेचने में कोई परेशानी न हो।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शानुसार अनाज मंडियों में आई अधिक आवक को मद्देनजर रखते हुए कल रविवार को अनाज मंडियां पूर्ण रूप से बंद रहेगी ताकि जो पहले गेहूं आई हुई है, उसका उठान हो सके, उसके बाद ही आगे आने वाली गेहूं को खरीदा जाएगा। इस कार्य से किसानों व व्यापारियों के समय की बचत भी होगी। उन्होंने खरीद ऐजेंसियों व लिफ्टिंग के कार्य में लगे ठेकेदारों को कहा कि वे अतिरिक्त श्रमिक तथा ट्रांसपोर्ट का प्रबंध कर रात्रि के समय में भी मंडियों से गेंहू का उठान करवाएं।

उपलाना में अधूरे पड़े गली नालियों का करवाया जा रहा निर्माण कार्य : संजय

स्वास्तिक न्यूज/हरीश

असंध। उपलाना में ग्रामीणों की मांग अनुसार पंचाल महोल्ले की गली नालियों का निर्माण करवाया जा रहा है। सरपंच जीतो रानी कश्यप ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के चलते पहले से पास हुए कार्य को करवाया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य गलियों के रख रखाव और साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारियों साफ सफाई का कार्य करवाती रहती है ताकि गांव में स्वच्छता बरकरार रहे।

सरपंच प्रतिनिधि संजय कश्यप ने कहा कि इस गली के निर्माण को मोहल्ला वासियों की मांग अनुसार प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा गलियों नालियों को पक्का करवाने और चौपालों के नवनिर्माण व मुरम्मत करवाने का कार्य करवाया गया है। इसके साथ ही अन्य कई कार्यों का टेंडर लगा हुआ है जिसे आचार संहिता के बाद शुरू किया जाएगा। संजय कश्यप ने बताया की सभी पंचों के साथ मिलकर ग्राम विकास के कार्य किए जाते है उन्होंने कहा कि इस रास्ते की हालत खस्ता थी गली मोहल्ले के लोग परेशान थे। बजुर्गों को इस रास्ते से निकले में भारी परेशानी होती थी। इसलिए इस गली का प्राथमिकता के आधार पर कार्य करवाया जा रहा है। ग्राम सचिव सेवा सिंह ने कहा कि इसके अलावा भी कई गलियों,नालियों ,लोहे की पुलियों के निर्माण का प्रस्ताव प्रशासन की सेवा में भेजा हुआ है खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी असंध के मार्गदर्शन में गांव में गलियों सहित अन्य अधूरे कार्यों का निर्माण शुरू करवाया गया था। इस अवसर पर रघुबीर पंचाल,सियाराम,राजबीर पंचाल,अशोक पंचाल, जोगेंद्र पाल आदि उपस्थित रहे।

हनुमान जयंती विशेष : बजरंगबली से सीखें पर्सनेलिटी डेवलपमेंट

संपादक विनय दीवान

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के सर्वोत्तम सेवक, सखा, सचिव और भक्त श्री हनुमान थे। जहां भी श्रीराम की आराधना होती है, हनुमान का स्मरण अपने आप हो आता है। वे सद्गुणों के भंडार थे। उनकी पूजा पूरे भारत और दुनिया के अनेक देशों में इतने अलग-अलग तरीकों से की जाती है कि उन्हें 'जन देवता' की संज्ञा दी जा सकती है। छत्रपति शिवाजी के स्वराज्य निर्माण की विस्तृत लेकिन गहरी नींव रखने के लिए उनके गुरु समर्थ श्री रामदास द्वारा गांव-गांव में अनगढ़े पत्थरों को सिन्दूर लगाकर श्री हनुमान के रूप में उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई। आज से 300 से ज्यादा वर्षों पहले यह महान राष्ट्रीय उपक्रम हुआ। श्री हनुमान के परम पराक्रमी सेवामूर्ति स्वरूप से तो सभी परिचित हैं। लेकिन प्रत्येक विद्यार्थी को यह तथ्य भी मालूम रहना चाहिए कि वे ज्ञान?यों में भी अग्रगण्य हैं। श्री हनुमान अतुल बल के स्वामी थे। उनके अंग वज्र के समान शक्तिशाली थे। अतः उन्हें 'वज्रांग' नाम दिया गया, जो बोलचाल में बजरंग बन गया। यह बजरंग केवल गदाधारी महाबली ही नहीं हैं, बल्कि विलक्षण और बहुआयामी मानसिक और प्रखर बौद्धिक गुणों के अद्भुत धनी भी हैं। उनके चि?त्र व्यायामशालाओं में जिस भक्तिभाव के साथ लगाए जाते हैं, उतनी ही श्रद्धा के साथ प्रत्येक शिक्षा और सेवा संस्थान में भी लगाए जाने चाहिए। वे पराक्रम, ज्ञान और सेवा के आदर्श संगम थे। ज्ञान, भक्ति और कर्म- इन तीन क्षेत्रों में श्री हनुमान महान योगी थे। 'राम-काज' अर्थात 'अच?छे कार्य' के लिए वे सदैव तत्पर रहते थे। थकावट उनसे कोसों दूर रहती थी। यदि कोई उनसे विश्राम की बात करता तो उनका उत्तर होता था- मैंने श्रम ही कहां किया, जो मैं विश्राम करूं? आजकल भारत में प्रचलित हो चला- 'कार्यभार' शब्द ही गलत है। जब-जब गहरी रुचि और भक्ति के साथ कोई कार्य किया जाता है, तो वह वजन नहीं होता, उससे आनंद का सृजन होता है। समर्पण-भाव से की गई सेवा सुख देती है और संकुचित स्वार्थवश किया गया काम तनाव पैदा करता है। केवल भारत ही नहीं, सारे संसार के विद्यार्थियों के लिए किसी आदर्श व्यक्तित्व के चयन की समस्या आ जाए तो श्री हनुमान का जीवन शायद सर्वाधिक प्रेरक सिद्ध हो। वे राम-सेवा अर्थात सात्विक सेवा के शिखर पुरुष ही नहीं थे बल्कि अनंतआयामी व्यक्तित्व विकास के महाआकाश थे। अखंड ब्रह्मचर्य और संयम की साधना से जो तेजस और ओजस उन्होंने अर्जित किया था, वह अवर्णनीय है। बालपन से ही वे सूर्य साधक बन गए थे। सूर्य को उन्होंने अपना गुरु स्वीकार किया था। उनकी दिनचर्या सूर्य की गति के साथ संचालित होती थी। आगे जाकर सौर-अध्ययन के कारण वे एक अच्छे खगोलविद् और ज्योतिषी भी बने। एक शिशु के रूप में वे ज्यादा ही चंचल तथा उधमी थे। किसी शीलाखंड पर गिरने से उनकी ठुड्डी (हनु) कट गई गई थी, जिससे उनका हनुमान नाम पड़ गया। एक जैन मान्यता के अनुसार वे एक ऐसी जाति और वंश में पैदा हुए थे जिसके ध्वज में वानर की आकृति बनी रहती थी। अपने विशिष्ट गुणों, आकृति और वेशभूषा के कारण नगरों से दूर यह वनवासी जाति 'वानर' कहलाने लगी। भगवान श्रीराम ने इसी 'वानर' जाति की सहायता से दैत्य शक्ति को पराजित किया था और दुष्ट चरित्र रावण का संहार किया था। इसी दैवी कार्य में श्री हनुमान हर तरह से इतने अधिक सहायक सिद्ध हुए कि श्रीराम उनके ऋण को आजीवन मुक्त कंठ से स्वीकार करते रहे। श्रीराम का वह विलक्षण सहकर्मी और उपासक आज संपूर्ण भारत का उपास्य बन गया है। श्रद्धालु भक्तों और भावुक कथाकारों ने राम और हनुमान को लेकर बड़े ही रोचक और प्रेरक दृष्टांत गूंथे हैं। भक्ति काव्य भी पतंग श्रद्धा की डोरी से जुड़ी होने के कारण कल्पना के अनंत आकाश में विचित्र एवं हर्षदायक उड़ानें भरती हैं। लेकिन जरूरत इस बात की प्रतीत होने लगी है कि इस डोर को विवेकयुक्त तर्क के हाथों से अलग नहीं होना चाहिए। श्री हनुमान के जीवन-प्रसंगों को इसी दृष्टि से देखा जाए तो ज्ञान होगा कि एक समय ऐसा आया कि वे अपनी अद्वितीय क्षमता को भूल चुके थे। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी ऐसा समय अवश्य आता है। जब अनुभवी और वृद्ध जामवन्त ने उन्हें उनकी अपरिमित जानकारी और प्रेरणा दी तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। कई बार उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर 'राम-काज' संपन्न किया। राम-सुग्रीव मैत्री के रचनाकार हनुमान थे। वे द्वेषरहित, निःस्वार्थ तथा हितैषी सलाहकार थे। रावण के छोटे भाई विभीषण को शरण प्रदान करने के प्रश्न पर हनुमान की सलाह ने इतिहास बदल दिया। समस्त प्राणियों के प्रति उनके मन में अद्वेष भावना थी। विवेक, ज्ञान, बल, पराक्रम, संयम, सेवा, समर्पण, नेतृत्व संपन्नता आदि विलक्षण गुणों के धनी होने के बावजूद उनमें रत्तीभर अहंकार नहीं था। अप्रतिम प्रतिभा संपन्न होने के कारण समय-समय पर वे रामदूत के रूप में भेजे गए और अपने उद्देश्य में सदैव सफल होकर लौटे। वे अजेय थे। वे लक्ष्मण-भरत से कम नहीं थे। ज्ञान और बल अपने आप में ही स्वागतयोग्य नहीं है। रावण इन गुणों में किसी से कमजोर नहीं था। महत्वपूर्ण बात यह है कि साधनों और गुणों का उपयोग किन उद्देश्यों के लिए किया जाए? सदाचार और सच्चरित्रता का सर्वाधिक महत्व है। रावण और हनुमान में यही फर्क था। रावण की क्षमताओं का उपयोग समाज-विनाश की दिशाओं में हो रहा था और हनुमान सामाजिक समन्वय और विकास के अग्रदूत थे। इतिहास और पुराण दोनों को कितने अलग-अलग रूपों में याद करते हैं। श्री हनुमान योद्धा के रूप में पवन-गति के स्वामी थे। वे मां सीता की खोज तथा लंका पराभव के सफल महानायक ही नहीं, सुशासित राम-राज्य के पुरोधा और कूट-पुरोहित भी थे। वे व्याकरण और मधुर संगीत के विशेषज्ञ थे। उनके बारे में वाल्मीकि रामायण में महर्षि अगस्त्य से कहलाया गया है- ' पूर्ण विधाओं के ज्ञान तथा तपस्या के अनुष्ठान में वे देवगुरु बृहस्पति की बराबरी करते हैं।' श्री हनुमान के जीवन-प्रसंगों को इसी दृष्टि से देखा जाए तो ज्ञान होगा कि एक समय ऐसा आया कि वे अपनी अद्वितीय क्षमता को भूल चुके थे। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी ऐसा समय अवश्य आता है। जब अनुभवी और वृद्ध जामवन्त ने उन्हें उनकी अपरिमित जानकारी और प्रेरणा दी तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। कई बार उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर 'राम-काज' संपन्न किया। राम-सुग्रीव मैत्री के रचनाकार हनुमान थे। वे द्वेषरहित, निःस्वार्थ तथा हितैषी सलाहकार थे। रावण के छोटे भाई विभीषण को शरण प्रदान करने के प्रश्न पर हनुमान की सलाह ने इतिहास बदल दिया। समस्त प्राणियों के प्रति उनके मन में अद्वेष भावना थी। विवेक, ज्ञान, बल, पराक्रम, संयम, सेवा, समर्पण, नेतृत्व संपन्नता आदि विलक्षण गुणों के धनी होने के बावजूद उनमें रत्तीभर अहंकार नहीं था। अप्रतिम प्रतिभा संपन्न होने के कारण समय-समय पर वे रामदूत के रूप में भेजे गए और अपने उद्देश्य में सदैव सफल होकर लौटे। वे अजेय थे। वे लक्ष्मण-भरत से कम नहीं थे। ज्ञान और बल अपने आप में ही स्वागतयोग्य नहीं है। रावण इन गुणों में किसी से कमजोर नहीं था। महत्वपूर्ण बात यह है कि साधनों और गुणों का उपयोग किन उद्देश्यों के लिए किया जाए? सदाचार और सच्चरित्रता का सर्वाधिक महत्व है। रावण और हनुमान में यही फर्क था। रावण की क्षमताओं का उपयोग समाज-विनाश की दिशाओं में हो रहा था और हनुमान सामाजिक समन्वय और विकास के अग्रदूत थे। इतिहास और पुराण दोनों को कितने अलग-अलग रूपों में याद करते हैं। श्री हनुमान योद्धा के रूप में पवन-गति के स्वामी थे। वे मां सीता की खोज तथा लंका पराभव के सफल महानायक ही नहीं, सुशासित राम-राज्य के पुरोधा और कूट-पुरोहित भी थे। वे व्याकरण और मधुर संगीत के विशेषज्ञ थे। उनके बारे में वाल्मीकि रामायण में महर्षि अगस्त्य से कहलाया गया है- ' पूर्ण विधाओं के ज्ञान तथा तपस्या के अनुष्ठान में वे देवगुरु बृहस्पति की बराबरी करते हैं।' यद्यपि शक्ति, ?गति और मति में उनके जैसा दूसरा उदाहरण दुर्लभ है। इन सभी का उपयोग उन्होंने राम-रति के लिए किया, यह बात सर्वोपरि है। श्री हनुमान वाणी-कौशल के श्रेष्ठतम स्वामी थे। कहा जाता है कि प्रथम भेंट में ही श्रीराम हनुमान की शिष्ट, सुहानी, व्याकरणसम्मत तथा मधुर बातचीत से बहुत प्रभावित हुए थे। उन्होंने लक्ष्मण से कह दिया था कि यह व्यक्ति चारों वेदों का पंडित लगता है। हनुमान को राम जैसा पारखी मिल गया। भारत का नया इतिहास बन गया। वज्रांगता, विद्वता और सच्चरित्रता जब अहंकाररहित समाज को समर्पित होती है तो एक नए युग का सृजन होता है। श्री हनुमान एक महान दार्शनिक भी थे। वे वि?भिन्न पंथों के समन्वय में विश्वास करते थे। श्रीराम समय-समय पर उनसे इस संबंध में भी सलाह लिया करते थे। एक बार राम ने पूछ लिया- हनुमान तुम बता सकते हो कि तुम कौन हो? यह दर्शन का कठिनतम प्रश्न है। इसके उत्तर में हनुमान ने जिस श्लोक की रचना की, महान दर्शनशास्त्री पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार उनमें भारत तथा संसार की सभी आराधना प्रणालियों के बीज विद्यमान हैं।

हनुमान रचित वह श्लोक इस प्रकार है-

देहदृष्ट्या तु दसोऽ हं जीव दृष्ट्या त्वदंशकः।
आत्मदृष्ट्वा त्वमेवाहमिति में निश्चिता मतिः।।

इसका आशय है-

देह दृष्टि से मैं आपका दास हूं और जीवन दृष्टि से मैं आपका अंश हूं तथा परमार्थरूपी आत्मदृष्टि से देखा जाए तो जो आप हैं, वही मैं हूं- ऐसी मेरी निश्चित धारणा है। उत्कृष्ट भक्ति के पर्याय श्री हनुमान ने कभी अपनी मुक्ति नहीं चाही। राम का यह श्रेष्ठतम आराधक हमारे हृदयों में सदैव अमर है।

आखिर में एक प्रश्न स्वयं से।

हम लोग श्री हनुमान की आराधना कैसे करें? मूर्तियों के सम्मुख घंटों स्तुतिगान से उद्देश्य पूरा नहीं होगा। तथाकथित भंडारों और महाआरतियों से समाज परेशान होने लगा है। डीजे का शोरगुल पवित्र और मधुर भजनों का दम घोंटने लगा है। देवता के चि?त्र की पूजा से भी एक अंश तक ही काम चलेगा। चरित्र पूजा ही वास्तविक पूजा है। एक छोटा-सा देवता हमारे जीवन में उतरने लगे तो महान देवताओं की आराधना सार्थक होगी। गुणगान के साथ गुणानुसरण भी होना चाहिए। इस दिशा में चिंतन और चरित्र निर्माण समाज और राष्ट्रनिर्माण के महत्वपूर्ण कार्य को निश्चित ही आगे बढ़ाएगा।

जीन्द में पहली बार श्री श्याम लीला का सुंदर मंचन आज

स्वास्तिक न्यूज/ विनय दीवान

जींदः श्री श्याम कृपा मंडल जींद द्वारा 21 अप्रैल को बनखंड महादेव मंदिर की शिव बगीची में श्री श्याम लीला का सुंदर मंचन किया जाएगा। जीन्द में इस प्रकार का यह पहला सुंदर मंचन होगा। इस मौके पर जाने माने भजन गायक श्री श्याम बाबा का गुणगान भी करेंगे।

इस श्याम लीला व संकीर्तन महोत्सव को लेकर पूरे शहर में पिछले कई दिनों से निमंत्रण बांटे जा रहे है।

इसी कड़ी में आज अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल व अन्य अतिथियों को निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर रोहतक रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए संस्था के अध्यक्ष विवेक शर्मा व अन्य पदाधिकारी विक्रम गौतम, आशीष जिंदल इत्यादि ने बताया कि जीन्द में पहली बार श्री श्याम लीला का सुंदर मंचन किया जा रहा है। बिल्ला एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा इस श्याम लीला का मंचन किया जाएगा। इसके साथ साथ जयपुर से आए भजन गायक महेश परमार, जयपुर से स्वेता अग्रवाल, दीक्षा जांगड़ा, किशोरी आराधना इत्यादि कलाकार श्री श्याम बाबा के भजनों का गुनगान करेंगे।

जीन्द के जाने माने भजन गायक नरेश भजनी द्वारा मंच संचालन किया जाएगा। इस समारोह में श्रृंगार सेवा, छप्पन भोग सेवा, पान सेवा, इत्र सेवा इत्यादि सेवाएं देखने योग्य होगी।

श्री श्याम कृपा मंडल के पदाधिकारी रजनीश परूथी, नितिन सिंगला, नरेश कुमार, नितिन गोयल, रवि शर्मा, रमेश मितल, मनीष मिश्रा, गौरव गुप्ता, संजय शर्मा, रमन सिंगला, अमित गोयल, दीपक बंसल, आनन्द तायल, आशीष जैन, मोनू प्रजापति, शिव भारद्वाज, राकेश बंसल, लक्ष्य मितल, सचिन सैनी, सियाराम, नवीन तायल, प्रिंस गुप्ता, विष्णु, साहिल, सुरेन्द्र शर्मा, साहिल जिंदल, विक्रम खुराना, नीरज सैनी विनय शर्मा, अमन गर्ग, पूजा अग्रवाल, सुमन गौतम, बिंदिया शर्मा, ममता बंसल, तमन्ना, ललिता शर्मा इत्यादि पिछले लम्बे समय से महोत्सव को कामयाब बनाने में जुटे है।

भाजपा की राजनीति सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाने की

मोदी ने लिया समान नागरिक संहिता कानून बनाने का संकल्प : धनखड़

- हरियाणा और दिल्ली की सभी 17 सीटों पर खिलेगा कमल
- जनता ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के भ्रष्टद्द गठबंधन को सिरे से नकारा
- ढ़ाकला अनाज मंडी में लिया फसल खरीद का जायजा, किसानों का जाना कुशलक्षेम

फाइल फोटो

स्वास्तिक न्यूज/संवादाता

चंडीगढ़ः भाजपा के राष्ट्रीय औमप्रकाश धनखड़ ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सांसद डॉ अरविंद शर्मा के साथ क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में ग्रामीणों से पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाया, कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया, तीन तलाक की रोकथाम के लिए कानून बनाया, सीएए को लागू किया। धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता से संकल्प किया है कि समान नागरिक संहिता (युनिफोर्म सिविल कोड)का कानून बनाकर लागू किया जाएगा। भाजपा ने उत्तराखंड से इसकी शुरूआत कर दी है। देश की जनता जानती है कि मोदी जी जो कहते हैं उसको पूरा जरूर करते हैं, यही मोदी की गारंटी है। धनखड़ ने कहा कि मोदी की गारंटी के रथ गांव गांव आए और आपके काम आपके गांव में ही किए। हर घर शौचालय बनवाया, रसोई गैस पंहुचाई, नल से शुद्ध जल हर घर पंहुचाया, आयुष्मान योजना से गरीब व्यक्ति की मंहगे ईलाज की चिंता खत्म की। अब आगे 70 वर्ष से अधिक आयु के बुर्जगों के निशुल्क ईलाज की गांरटी मोदी ने दी है। धनखड़ ने कहा कि कोरोना संकल काल में हर व्यक्ति की चिंता भाजपा की मोदी सरकार ने की और फ्री कोरोना के टीके लगाए, गरीब अन्न योजना के तहत फ्री राशन दिया, जो आगे पांच भी फ्री अनाज देने की गारंटी मोदी ने दी है। पीएम सम्मान निधि के पैसे सीधे किसानों के खातों में आ रहे हैं। फसल लागत मूल्य का डेढ़ गुणा भाव देने का कानून बनाया, बीमा योजना बनाकर लागू की। हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना का लाभ किसानों को दिया। मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र की प्रथम कॉपी सिलानी के किसान रामबीर को दिल्ली बुलाकर दी। यह मोदी के दिल में किसानों के सम्मान भाव को दशार्ता है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन भ्रष्टाचार की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए है जबकि भाजपा की राजनीति सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाने की है । इसलिए देश भर से एक ही आवाज आ रही है इस बार भाजपा 400 पार और फिर से मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रभारी होने के नाते वो पिछले कई दिनों से दिल्ली के प्रचार प्रसार में व्यस्त रहे। दिल्ली का राजनीतिक माहौल भाजपा के पक्ष में है और हरियाणा का भी माहौल भाजपा के पक्ष में है। इसलिए कह सकते हैं हरियाणा और दिल्ली की सभी 17 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है।

ढाकला मंडी में लिया फसल खरीद का जायजा

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने ढाकला अनाज मंडी में पहुंचकर फसल खरीद का जायजा लिया और किसानों से उनका हाल चाल जाना। किसान बंधु धनखड को मंडी में मौजूद किसानों ने कहा कि अबकि बार रामजी की मेहर सै, फसल भी ठीक सै और मंडी में भी टाइम पै फसल ले रहे हैं। गेंहू और सरसों के भाव भी मोदी ने ठीक कर राखे सै। हम भी लोकसभा और आगे विधानसभा में ठोक कै जोटा मार देंगे। सांसद डॉ अरविंद शर्मा को फिर से लोकसभा में मोदी के साथ भेज देंगे। किसान बोले मोदी का लगाव हरियाणा के किसानों से कुछ ज्यादा ही है, इसलिए सिलानी गांव के किसान रामबीर को दिल्ली बुलाकर पार्टी के घोषणा पत्र की प्रथम कॉपी सौंपी । इससे हर किसान का सम्मान बढ़ा है।

नगर निगम ने पांच सितारा होटल पर ठोंका 25 हजार रुपये जुमार्ना

स्वास्तिक न्यूज संवादाता

गुरुग्राम। ठोस कचरा प्रबंधन की अवहेलना करने पर नगर निगम गुरुग्राम ने फाइव स्टार होटल पर 25 हजार रुपये जुमार्ना ठोंका है। सरकार द्वारा लागू ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करवाने की दिशा में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम टीमें विभिन्न होटल, मॉल्स आदि का निरीक्षण कर रही हैं तथा नियमों की अवहेलना पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सेक्टर-29 स्थित फाइव स्टार होटल वेस्टिन पहुंचे। यहां जांच के दौरान उन्होंने पाया कि होटल प्रबंधन द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नियमों पूरी तरह से दरकिनार किया जा रहा है। यहां पर ना तो कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया जा रहा है और ना ही कचरा निष्पादन की कोई व्यवस्था पाई गई। टीम ने मौके पर ही होटल प्रबंधन पर ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की अवहेलना करने के मामले में 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि अपने यहां ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करें। इस नियम के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को उनके यहां से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करके उसका स्वयं के स्तर पर अपने ही परिसर में निष्पादित करना अनिवार्य है। नियम के तहत 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले रिहायशी परिसर, होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज पैलेस, औद्योगिक व संस्थागत इकाइयों की यह जिम्मेदारी तय की गई है।

गौ सेवा और संरक्षण को समर्पित रहा खट्टर का कार्यकाल : श्रवण

स्वास्तिक न्यूज/हरीश

असन्धः हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हरियाणा में भी गौ सेवा और संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया। दोनों नेता असंध में हरि निवास, दरबारा कॉलोनी एक्सटेंशन पर पार्टी कार्यकताओं से रूबरू हो रहे थे। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्रवण गर्ग और हरियाणा अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सरकार बेसहारा गोवंश को सड़कों से हटाकर उन्हें गौशालाओं, नंदी शालाओं और गौ अभयारण्य में भेजने की व्यापक कार्य योजना पर काम शुरू कर चुकी हैं। इसके लिए गौ सेवा आयोग के बजट को बीते वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ से बढ़ाकर 456 करोड़ किया गया था। चालूवित वर्ष में यह बजटीय प्रावधान 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है। श्रवण गर्ग ने कहा कि पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में प्रदेश में गौ तस्करों का बोलबाला था। जबकि भाजपा सरकार ने गौ तस्करी और गौ हत्या के विरूद्ध कड़ा कानून बनाकर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है। प्रदेश की गौशालाओं को अब नियमित रूप से सरकारी अनुदान मिल रहा है। और सरकार गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं।

सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में संपन्न हुआ अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह

- 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया गया सेवा सुरक्षा सप्ताह

स्वास्तिक न्यूज/ संवादाता

गुरुग्रामः सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में अग्निशमन सेवा सप्ताह का रविवार को समापन किया गया। शहीद अग्निशमन अधिकारियों, कर्मचारियों की याद में मनाया जाने वाला अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया गया।

सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को अग्निशमन कर्मचारियों ने विभिन्न तरीकों से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में डाक यार्ड में लगी भयंकर आग को बुझाते हुए 66 दमकलकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे। इसलिए हर साल 14 अप्रैल के दिन को अग्निशमन सेवा दिवस एवं 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

इस सप्ताह के दौरान अग्निशमन सेवाओं में एयर फोर्स स्टेशन 54 एएसपी गुरुग्राम, एयर फोर्स स्टेशन वायरलैस, एयर फोर्स स्टेशन रजोकरी दिल्ली, एयर फोर्स स्टेशन अर्जनगढ़ दिल्ली, डीएलएफ फायर सर्विस, डीएलएफ सिटी फेस-3 एवं 5, मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड, मेदांता मेडिसिटी, एएसएफ लिमिटेड, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि., सुजूकी मोटर साइकिल, हल्दीराम, आयरिया मॉल आदि की दमकल गाडि?ों ने सेक्टर-29 फायर स्टेशन परिसर में मॉक ड्रिल में भाग लिया।

इस दौरान दमकल विभाग गुरुग्राम व अन्य सभी अग्निशमन सेवाओं ने विभिन्न अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन किया। फायर फाइटिंग की फायर ड्रिल की गई। इस अवसर पर तकनीकी उन-निदेशक गुलशन कालड़ा द्वारा दमकल सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दमकल कर्मचारियों उप-दमकल कंद्र अधिकारी रामकेश व मदन सिंह, मुख्य अग्निशामक संजीत, अग्निशामक जोगिंद्र, नरेंद्र, जयबीर, मोनू ड्डषसह, पुष्पेंद्र, रणबीर, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, फायर चालक अनिल कुमार, फायर ऑपरेटर राजू तंवर, हेमंत, अजय, स्वयं सेवक श्रेय चोपड़ा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

उपनिदेशक तकनीकी गुलशन कालड़ा ने फायर गाडिं;ों को रोड शो के लिए रवाना किया। इस अवसर पर दमकल केंद्र अधिकारी जयनारायण सेक्टर-37, दमकल केंद्र अधिकारी प्रशिक्षण केंद्र मानेसर सुनील अदलखा, दमकल केंद्र अधिकारी सेक्टर-29 नितीश भारद्वाज, दमकल केंद्र अधिकारी भीम नगर रमेश सैनी, दमकल केंद्र अधिकारी उद्योग विहार रामकरण शर्मा मौजूद रहे।

हरियाणा में एक लोकसभा एवं तीन विधानसभा सीटें रिटायर्ड कर्मचारियों को देने की उठाई आवाज – सुरेन्द्र वर्मा मीडिया प्रभारी

स्वास्तिक न्यूज संवादाता

जींदः हरियाणा पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन जिला जींद ईकाई की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान बृजभूषण गोयल की अध्यक्षता में जींद स्थित रामाकृष्णा मन्दिर परिसर में सम्पन्न हुई। इस बैठक में अप्रैल माह में जन्म दिन वाले एसोसिएशन के प्रधान बीबी गोयल, कैशियर रामफल शर्मा, पूर्व प्रधान रामनिवास तायल,जगदीशचन्द रोहिल्ला, सुखबीर सिंह का पुष्प व रूमाल के साथ मान-सम्मान किया गया और उन्हें मिठाई खिलाकर उनकी दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

एसोसिएशन के नए सदस्य बनने पर पैंशनर्ज बलवानसिंह रोहिल्ला, राममेहर व रामनिवास का पुष्प के साथ सम्मान स्वरूप अभिनन्दन किया गया। एसोसिएशन की तरफ से पैटर्न दर्शनलाल गुलाटी द्वारा लोक सम्पर्क विभाग के रिटायर्ड डीआईपीआरओ एवं मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ को सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी एवं डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस बैठक में पैंशनर्ज की उम्र बढ़ने के साथ साथ पैंशन बढ़ाने की हरियाणा सरकार से मांग की गई। वर्ष 2024 के चुनाव में हरियाणा में लोकसभा की एक सीट एवं विधानसभा की कम से कम तीन सीटें रिटायर्ड कर्मचारियों को देने की विभिन्न राजनैतिक दलों से मांग की गई । इसके अलावा सरकार से रिटायर्ड कर्मचारियों के हितों के लिए हरियाणा राज्य पैंशनर्ज कल्याण आयोग गठित करने की भी मांग की गई ।

मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि हरियाणा में करीब 2 लाख 50 हजार रिटायर्ड कर्मचारी पैंशनर्ज हैं। इसलिए पैंशनर्ज के हितों के लिए टिकटों का उक्त दावा सही व स्टीक बनता है जो उन्हें अपना हक मिलना चाहिए। उन्होंनें हरियाणा सरकार से अपील की कि सरकार पैंशनर्ज की लम्बित मांगों की सुध ले और अतिशीघ्र आयोग का गठन कर पैंशनर्ज की मांगों एवं समस्याओं बारे समाधान सुनिश्चित करें। इस बैठक में पैंशनर्ज के हितों एवं अधिकारों बारे विशेष रूप से चर्चा की गई और सरकार से जल्द से जल्द पैंशनर्ज की मांगें पूरी करने का अनुरोध किया गया। बैठक में एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार डा सतबीर सिंह खटकड़, प्रधान बृजभूषण गोयल,

पैटर्न दर्शन लाल गुलाटी,संगठन सचिव भलेराम बूरा,मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र वर्मा, सचिव शिवकुमार बंसल व जयप्रकाश दहिया आदि ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखे और संगठन को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

मीडिया से बातचीत करते हुए पैटर्न दर्शनलाल गुलाटी, प्रधान बी बी गोयल,मुख्य सलाहकार डा सतबीर खटकड़, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि पैंशनर्ज की मुख्य मांगों में 65,70,75 वर्ष की आयु में क्रमशः 5,10,15 प्रतिशत की मूल पेंशन में बढ़ोतरी करना, सभी बीमारियों के लिए कैशलेस इलाज सुविधा देना, मैडीकल भत्ता एक हजार से बढाक र तीन हजार रुपये करना, कम्यूटेशन की रिकवरी 15 वर्षो की बजाय 12 वर्षों में करना, फैमिली पैंशनर्ज को एलटीसी की सुविधा देना,कोर्ट केसों का सामान्यीकरण कर तुरन्त लागू करना व अन्य मांगें शामिल हैं। उन्होंनें रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करने पर सरकार की भर्त्सना की। उन्होंनें कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों को वर्ष 2024 के आम चुनाव में राजनैतिक भागीदारी न देने वाले सम्बन्धित राजनैतिक पार्टी को वोट की चोट के माध्यम से सबक सिखाने का काम किया जाएगा।

इसलिए विभिन्न राजनैतिक दल एवं सरकार पैंशनर्ज के हितों की तरफ ध्यान देकर उनकी लम्बित मांगों को पूरा करे अन्यथा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंनें सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान बारे जन जागरण चलाने का निर्णय भी लिया।

इस मौके पर एसोसिएशन के पैटर्न दर्शन लाल गुलाटी,प्रधान बृजभूषण गोयल, वरिष्ठ उपप्रधान गोपाल कौशिक, महासचिव हुकमचन्द सिंगला, कैशियर रामफल शर्मा,मुख्य सलाहकार डा सतबीर खटकड़,मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र वर्मा,सचिव शिवकुमार बंसल,उपप्रधान धर्मबीरसिंह,संगठन सचिव भलेराम बूरा,आडिटर भागीरथलाल, रामनिवास तायल, हेमराज गर्ग, जयप्रकाश दहिया,बलवानसिंह रोहिल्ला, जयभगवान शर्मा,सुखबीरसिंह, राममेहर, रामकुमार गोयल, गंगाराम सैनी, प्रेमसिंह रोहिल्ला,रामनिवास,जगदीशचन्द्र रोहिल्ला,रामनिवास गोयल, महेन्द्र सिंह, रामनिवास कुण्डू व अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

स्वास्तिक न्यूज पेपर के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दिवान द्वारा बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रैस, प्लॉट न. 42-43, सेक्टर 29, पानीपत-132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय गागड़ा मोहल्ला, मेन बाजार, वार्ड न. 8, सफीदों शहर शहर-126112 हरियाणा से जारी। सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दिवान। मो. 94160-73460, समाचार से सम्बन्धित सभी विवादों का कार्यक्षेत्र सिर्फ सफीदों अदालत में होगा। RNI Reg. No. HARHIN/11380 Email swastiknewssafidon@gmail.com

पैरामेडीकल कालेज सफीदों से जींद चले जाने को गोलमोल कर गए मनोहर लाल

सफीदों, स्वास्तिक/ न्यूज विशाल

सफीदों: गांव करसिंधू में बनने वाले पैरामैडीकल कालेज के जींद स्थानान्तरित होने जाने के मामले को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल गोलमाल कर गए। गौरतलब है कि मनोहर लाल सफीदों में पार्टी पदाधिकारियों से चुनावी फीड़बैक लेने पहुंचे थे। इस बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में पत्रकारों ने उनसे पैरामैडीकल कालेज का प्रश्न भी पूछ डाला। इस प्रश्न के जवाब में मनोहर लाल ने गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि सफीदों से पैरामैडीकल कालेज छीना नहीं गया है। कुछ चीजे ऐसी होती हैं टैक्नीकल होती है और उस समय उनकी जानकारी नहीं होती। तकनीकि समस्या है कि पैरामैडीकल कालेज के साथ मेडीकल कालेज



या बड़ा अस्पताल होना बेहद जरूरी होता है, जो यहां नहीं था। बेशक यह अभी वहां पर चला गया है लेकिन आगे चलकर यहां ज्यादा बैड का अस्पताल बनेगा उसके बाद पैरामेडीकल के अन्य कोर्स यहां पर लाए जाएंगे। पैरामेडीकल कालेज मेडीकल कालेज के 8-10 किलोमीटर के दायरे में ही खुलना होता है। अगर यहां पर पैरामेडीकल कालेज खुलता और उसमें पढ़ने वाले बच्चों को भी लाभ नहीं पहुंचना था क्योंकि उनको अस्पताल की सुविधा प्राप्त ना होती और उनकी पढ़ाई में भी अधूरापन रहता। सफीदों से जींद कोई दूर नहीं है। जिन बच्चों को पढ़ना होगा उनको वहां पर हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

पूर्व मुख्ययमंत्री मनोहर लाल ने दिया मुकरने वाला ब्यान: राकेश जैन

आईपी सोसाईटी के सदस्य राकेश जैन का कहना है कि पूर्व मुख्ययमंत्री मनोहर लाल ने पैरामैडीकल कालेज मामले में एक प्रकार से मुकरने वाला ब्यान दिया है। इस पैरामेडीकल कालेज के इस प्रकार से ट्रांसफर हो जाना किसी भी प्रकार से जायज नहीं है और यह सफीदों क्षेत्र की जनता व यहां के विद्यार्थियों के लिए एक कुठाराघात के समान है। जबकि जींद के विधायक कृष्ण मिढ्ढा भरे मंच पर दावा ठोकते दिखाई दिए है कि कि वे इस पैरामैडीकल कालेज को सफीदों से छीनकर जींद लेकर आए हैं। पैरामेडिकल कॉलेज के खोले जाने की खातिर उनकी संस्था द्वारा सरकार को डेड़ लाख रुपए की सरकारी रजिस्ट्रेशन फीस के तौर पर दो साल पहले ही जमा कराई जा चुकी थी और ग्राम पंचायत करसिंधू 4 एकड़ जमीन सरकार को ट्रांसफर कर चुकी थी।

इस कॉलेज के निर्माण में इसी संस्था के प्रमुख सदस्य टीसी गर्ग के अनुरोध पर ही तात्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस कॉलेज को बनाए जाने की घोषणा की थी। मनोहर लाल ने घोषणा करते वक्त यह भी कहा था कि अगर कालेज निर्माण में कोई दिक्कत आती है तो उसे भी दूर किया जाएगा लेकिन आज वे इस मसले पर मुकरते दिखाई पड़ रहे हैं। अगर यह कालेज यहां पर बनता तो सफीदों की प्रदेश में एक अलग पहचान बनती तथा सैकड़ो छात्रों को चिकित्सा संबंधी रोजगारयुक्त शिक्षा तो मिलती और साथ ही साथ सैकड़ों लोगों को रोजगार भी मिलता।

अनाज मंडियां बारूद के ढेर पर बैठी, आग से निपटने का नहीं है पुख्ता इंतजाम

स्वास्तिक /न्यूज विशाल

नूंह: जिला की तावडू,नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका व सब यार्ड पिनगवा अनाज मंडियों में रबी फसलों से अटी पडी हैं, मौसम में अधिक गर्मी व आगजनी से बचाव के लिए कोई माकूल व्यवस्था न होने से जिला की तमाम मंडियां बारूद के ढेर पर हैं। आगजनी की घटना के दौरान जिला के बने अग्निशमन केन्द्रों पर भी गाडि?ां बुलाई जाती हैं, तब तक सब कुछ आग की भेंट चढ जाता हैं। हैरत की बात यह देखने को मिल रही है कि जिला की मंडियों में घट चुकी घटनाओं को देखकर भी जिला मंडी प्रशासन कुम्भकर्णी नींद से नहीं जागा हैं और यह समस्या किसी बडी चुनौती से कम नहीं मानी जा रही हैं। जिला मुख्यालय नूंह समेत अन्य मंडियों की समस्याएं, व्यवस्थाओं आदि को लेकर विधायक कम सीएलपी के उप नेता आफताब अहमद, जजपा व इनेलो नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कामरेड काले खां, इलियास मेनेजर, रामकिशन नम्बरदार,दयाराम, लखपत, राम दयाल, करण सिंह, इसराईल व सुभाष तनेजा समेत जिला के किसान नेता भी मंडी प्रशासन को बार-बार चेताने के बावजूद इन मुददों पर कथिततौर से सरासर बरती जा रही लापरवाही का किसानों , व्यापारियों को इसका खामियाजा भुगतने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। जिला की मंडियों से रबी व खरीफ फसलों की आवक से हो रही कमाई से जहां सरकारी खजाना कमाई से भरे हुए हैं वहीं, दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि मंडी अधिकारी, सरकारी खरीद एजेंसी के अधिकारी व कर्मचारी कथिततौर से इनकी जेबे भी लबालब भरी हुई हैं।

3 किलो 484 ग्राम चुरापोस्त सहित नशा तस्कर को काबू

विशाल स्वास्तिक न्यूज

सफीदों : सीआईए सफीदों की टीम ने गांव धर्मगढ़ बोहली से 3 किलो 484 ग्राम चुरापोस्त सहित एक नशा तस्कर को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जितेंद्रपाल सिंह निवासी धर्मगढ़ बोहली के रूप में हुई है।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज

सीआईए सफीदों की एक टीम एएसआई कमल सिंह के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम के लिए गांव साहनपुर पर मौजूद थी कि सीआईए टीम को खुफिया सूचना मिली कि आरोपी जितेंद्रपाल सिंह निवासी धर्मगढ़ बोहली अपने घर पर नशीला पदार्थ चुरापोस्त बेचने का धंधा करता है। जो सीआईए टीम ने खुफिया सूचना को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया और टीम जितेंद्रपाल सिंह के मकान पर पहुंची तो एक व्यक्ति डेरे के बाहर खड़ा दिखाई दिया। वह पुलिस पार्टी को देखकर एकदम अपने घर के अंदर भागने लगा। पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। मौके पर राजपत्रित अधिकारी उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (आबकारी) जींद विजय कुमार को बुलाकर उनकी हाजिरी में आरोपी की तलाशी ली तो उसके मकान मे बने कमरे में अलमारी के पीछे से एक पोलीथीन में 3 किलो 484 ग्राम चुरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

मनोहर लाल मेरे मित्र हैं और सदैव रहेंगे : अनिल विज

स्वास्तिक न्यूज/ संवादाता

चंडीगढ़: हरियाणा के पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा है कि मुझे लोग दरी वाला बाबा के नाम से बुलाते हैं।यह दरी सदैव मेरी प्राइवेट कार में रहती है।यह दरी सदैव मेरी प्राइवेट कार में रहती है। मुझे किसी प्रकार की अनदेखी पसंद नहीं हैं। कहा मैंने तो प्रण लिया है देश के लोगों के हितों के लिए काम करने का। अगर कोई प्यार से बात मान लेता है तो ठीक है नहीं तो मैं दरी बिछाकर बैठ जाता हूं। अनिल विज ने कहा कि मेरी किसी से कोई नाराजगी नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुझसे मिलने मेरे अम्बाला निवास पर आये थे। होली मिलन पर होली खेलने आये थे। उन्होंने सवालों के जवाब देते हुए कहा कि मुख्यमत्री नायब सैनी भी आये थे वो सभी से मिलते रहते हैं। इसमें मान मनव्वल जैसे कोई बात नहीं हैं। नायब सैनी मेरा छोटा भाई है मेरे घर आना जाना रहता है। नाराजगी जैसी कोई भी बात नहीं है। मनोहरलाल जी का आज भी फोन आया था वह कल अम्बाला कैंट आएंगे।वह मेरे मित्र हैं और सदैव रहेंगे।

कांग्रेस के पास नहीं है संगठन, इसलिए नहीं मिल रहे उम्मीदवार: अनिल विज

विज ने कहा कि लोकसभा चुनाव की शुरूआत हो चुकी है। वहीं, हरियाणा में बीजेपी ने सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। लेकिन कांग्रेस ने अभी तक हरियाणा में अपने लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। कांग्रेस को उम्मीदवार ही नही मिल रहे।

कांग्रेस के पास नहीं है कोई संगठन

विज ने कहा कि वहीं, भाजपा नेता और हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के कांग्रेस के पास संगठन नहीं बचा है। जबकि भाजपा के पास केंद्र से लेकर बूथ स्तर और पन्ना प्रमुख तक संगठन है। इसलिए भाजपा का फीडबैक समय-समय पर जाता है। लेकिन कांग्रेस को टिकट देने के लिए फीडबैक की जरूरत है। लेकिन संगठन नहीं तो फीडबैक कहां से मिलेगा। इसलिए आज कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में अपने उम्मीदवार नहीं उतार पाई है। उन्होंने कहा कांग्रेस बीते 10 साल में एक भी संगठन कार्यक्रम नहीं कर पाई है। यहां तक कोई आंदोलन भी नहीं कर पाई है जो एक विपक्ष का मुख्य काम होता है।

हर स्थिती में करता रहूंगा काम

अनिल विज ने कहा कि मुझे कोरोना होने पर भी मैंने काम किया है। और अपनी आखिरी सांस तक लोगों के लिए काम करता रहूंगा। मैं जब विधायक नहीं था तब भी मैंने लोगों के मुद्दे उठाए हैं। हमने हर स्थिती में काम किया है। इसलिए लोग मुझे वर्कहोलिक कहते हैं। हम आज भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा का मुख्यमंत्री बदलना हाईकमान का फैसला है। उनका दृष्टिकोट काफी बड़ा होता है।

मंत्री ना बनने से काम पर नहीं पड़ा कोई असर

विज ने कहा कि मेरी नाराजगी के चलते कोई मेरे पास नहीं आया था। पूर्व सीएम मनोहर लाल मेरे साथ होली खेलने आए थे। तो सीएम नायब सैनी मेरे छोटे भाई जैसे हैं। वो बात करने मेरे घर आए थे। उन्होंने कहा कि हम छोटे बच्चे नहीं है जो नाराज होकर घर में बैठ जाएं। आज मैं मंत्री नहीं हूं फिर भी लोगों के लिए काम करता रहूंगा। मैंने जीना और मरना लोगों के लिए है। इसलिए ही राजनिति में आया हूं। विज ने कहा कि मंत्री ना बनना मेरा अपना निर्णय था।। इसलिए वहां से घर आ गया था। उन्होंने कहा कि अंबाला में एयरपोर्ट बनने काम तेजी से चल रहा है। उम्मीद है कि दिवाली से पहले अंबाला से जहाज उड़ सकेगा।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आरजू रही प्रथम

स्वास्तिक न्यूज/ संवादाता

लोहारू: स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य विचित्र सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान एवं लीगल लिटरेसी सेल के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में भाषण , कविता पाठ एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनके विषय क्रमशः दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या एवं नशा मुक्ति रहा जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

प्राचार्य विचित्र सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना अत्यंत आवश्यक है इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं कौशल की वृद्धि होती है। भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, मनीषा द्वितीय एवं आरती तृतीय स्थान पर रही। कविता पाठ प्रतियोगिता में अंजलि प्रथम, आरजू द्वितीय एवं निक्कू कुमारी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आरजू प्रथम, मुस्कान द्वितीय एवं अनु तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रही। इसके पश्चात महाविद्यालय की लगभग 48 छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोहारू के मुख्य चौराहे भगत सिंह चौक पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटक की थीम मेरा पहला वोट देश के लिए रहा। नाटक के माध्यम से छात्राओं ने नगर वासियों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

राजकीय मॉडल स्कूल में हुई वर्तनी प्रतियोगिता

स्वास्तिक न्यूज /अभिषेक दीवान

सफीदों: राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल सफीदों में कक्षा 9 से 12 वर्ग में वर्तनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य डा। योगेंद्रपाल सिंह ने की। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी प्राध्यापक डॉ। नवीन कुमार और संस्कृत प्राध्यापक अशोक मिश्रा ने निभाई। वर्तनी लेखन प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की छात्रा सेजल प्रथम, कक्षा 11वीं का छात्र तनिश द्वितीय और तृतीय स्थान पर छात्रा अंतरा रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी हिंदी प्राध्यापक तेजबीर शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्रों को उन शब्दों की वर्तनी में कुशल और पारंगत बनाना है जिनका वे अपने लेखन में उपयोग करते हैं। स्कूल प्राचार्य डा। योगेंद्रपाल

सिंह ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे बच्चों में आत्मविश्वास व भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। जब बच्चों के गृहकार्य का मूल्यांकन किया जाता है तो उनमें वर्तनी संबंधी अशुद्धियां को दूर करवाया जाता है। सर्वप्रथम तो हिंदी को सच्चे मन से अपनाने की आवश्यकता है। हिंदी व्याकरण एवं साहित्य से परिचित होने की आवश्यकता है। बच्चों को धैर्य, विश्वास के साथ हिंदी को पढ़ने लिखने, बोलने, सीखने की आवश्यकता है। यदि हम शब्दों का उच्चारण सही नहीं करेंगे तो इससे उनके अर्थ बदल जाते हैं और अशुद्धियां आ जाती हैं। इस अवसर पर प्राध्यापक सुरेश कुमार, सुरेंद्र दुग्गल, प्रेम प्रकाश और कुलदीप मौजूद रहे।

चौ। बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

स्वास्तिक न्यूज अभिषेक दीवान

लोहारू। चौ। बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कानूनी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ। मुकेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों पर कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के लिए कानूनी प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ। राजबाला, डॉ। राजेश व डॉ। संदीप भारद्वाज ने विद्यार्थियों को मानवाधिकार, मौलिक अधिकार दहेज, नशा मुक्ति, दिव्यांगों के अधिकार, घरेलू हिंसा महिलाओं की सुरक्षा, यौन उत्पीड? सूचना का अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार व बाल विवाह आदि विषयों पर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिताओं में सभी कक्षाओं की विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ। सुजीत कुमार, डॉ। अशोक कुमार डॉ। राजेंद्र सिंह, डॉ। पूनम चाहर, नीलम कुमारी व मंजू शेखावत रहे। विद्यार्थियों में निबंध लेखन प्रतियोगिता में एमए इतिहास की प्रीति ने प्रथम स्थान, एमए इतिहास के ललित ने द्वितीय स्थान, व बीएससी नॉन मेडिकल के प्रियंका ने तृतीय स्थान हासिल किया। कविता पाठ में एमए इतिहास की विद्यार्थी निकिता ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की नीतू ने द्वितीय स्थान तथा तथा बीकॉम तृतीय के विद्यार्थी जतन ने तृतीय स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में एमए इतिहास के विद्यार्थी सतीश ने तृतीय स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की विद्यार्थी नीतू ने द्वितीय स्थान व बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी विनय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ। सुखबीर सिंह, डॉ। अजय वशिष्ठ, डॉ। अजय कुमार वशिष्ठ, रमेश कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

सक्षम भाटिया फिर बने भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जींद के उपाध्यक्ष

युवा मोर्चा ने उपाध्यक्ष समेत सचिव, आईटी प्रमुख और सह मीडिया प्रमुख की जारी की सूची

स्वास्तिक न्यूज अभिषेक दीवान

सफीदों भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में लोकसभा के चुनाव के लिए काफी सक्रिय है। और अपने अभियान को मजबूत करने हेतु भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा जींद में पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है।

भाजपा युवा मोर्चा जींद में कुछ पदाधिकारीयो का गठन किया है जिसमे भाजपा युवा नेता सक्षम भाटिया को पुनः जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी है।

अपनी इस नियुक्ति पर भाटिया ने शीर्ष नेतृत्व एंव संगठन का हृदय

से हार्दिकआभार किया और कहा कि संगठन ने उनको जो यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दोबारा सौंपी है उसे वे पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगे। और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएंगे उन्होंने कहा कि देश की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का बीड़ा उठा लिया है। देश विकसित राष्ट्रों के रास्ते पर चल रहा है। उन्होंने दावा किया है कि सोनीपत सीट के साथ साथ बीजेपी हरियाणा की 10 की 10 सीटें अपने खाते में डालने जा रही है। और उन्होंने सभी युवाओं से अनुरोध किया की सभी बढ़ चढ़कर मतदान करें और भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाएं।

सीजेएम-कम-सचिव कपिल राठी ने किया न्यायिक परिसर का दौरा

स्वास्तिक न्यूज/ विनय दीवान

लोहारू: जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सीजेएम कम-सचिव कपिल राठी ने शनिवार को स्थानीय न्यायिक परिसर का दौरा कर पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थों और पैरा लीगल वालंटियर्स की बैठक ली।

बैठक में उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति के अध्यक्ष एवं एसीजे एसडी जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। सीजेएम ने उपमंडल विधिक सेवा समिति लोहारू के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में विशेष रूप से जनता को जागरूक किया जाए ताकि जनता कानूनी सहायता का लाभ उठा सके।

फ्रंट ऑफिस एसडीएलएससी लोहारू का हेल्पलाइन नंबर 01252299386 है जिस पर हर व्यक्ति कॉल करके कानूनी सलाह और जानकारी ले सकता है। उन्होंने 11 मई 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया और अधिकतर मामलों का निपटारा करने को कहा। इस मौके पर अधिवक्ता रामनारायण श्योराण, सुभाचंद, कुलदीप, नरेंद्र सिंह यादव, सूबे सिंह, मनोज कुमार ठोलिया, मनोज लाखलान आदि मौजूद रहे।

खेतों में किसानों के बीच पंहुचे देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक

किसान बोले ओलाव्रष्टि व आगजनी से फसल हो जाती है बर्बाद, नहीं मिलता मुआवजा

स्वास्तिक न्यूज/ विनय दीवान

जींद: देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक आज जींद जाते हुए अचानक गेहूं की कटाई कर रहे किसानों के बीच पंहुच गए और फसल को लेकर किसानों से चर्चा की। इस दौरान किसानों ने कहा कि बारिश, ओलाव्रष्टी व आगजनी का हमेशा डर बना रहता है।

आज खेती फायदा का सौदा नहीं रही। गेंहू की फसल की कटाई शुरू हो चकी और मंडियों में पंहुचनी शुरू हो चकी है। किसान को हमेशा भय बना रहता है कि कब बारिश आ जाए और उनकी मेहनत बेकार हो जाए। कई बार तो फसल में आग लगने से पूरी गेंहू की फसल स्वाह हो जाती है, जिससे किसान का 100 प्रतिशत नुकसान हो जाता है। ऐसी हालात में किसान आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाता है। दलजीत मलिक ने किसानों को आश्वासन देते हुए

कहा कि देव हिंदू मंच हमेशा किसानों के साथ खड़ा है।

उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ऐसी हालत में नुकासान की भरपाई के लिए जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर मुआवजा दिया जाना चाहिए ताकि पीडित किसान को कुछ राहत मिल सके। किसानों ने बताया कि कुछ खेतों में सिंचाई कि पर्याप्त सुविधा न होने के कारण, फसल कि बिजाई भी नही हो पाती। उन्होंने बीमा कम्पनियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार बीमा कम्पनी द्वारा फसल खराब होने का मुआवजा भी नहीं दिया जाता। किसानों ने बताया कि खाद, बीज और कीटनाशक दवाईयों के भाव इतने बढ चुके है कि इनका इस्तेमाल न करे तो पैदावार नही हो पाती। इसके लिए किसान को कर्ज लेना पड़ता है और फसल खराब हो जाए तो कर्ज चुकाना मुश्किल हो जाता है। दलजीत मलिक ने फिर दौहराया की मंच हमेशा किसानों के दुखदर्द में उनके साथ खड़ा है और हर संभव जो भी बन सकेगा उनकी ओर से भी मदद की जाएगी।

कालेज निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन लेखन व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

सफीदों : नगर के राजकीय महाविद्यालय में फाइन आर्ट क्लब व लीगल लिटरेसी के संयुक्त तत्वावधान में निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन लेखन व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा। तनाशा हुड्डा ने की। अपने संबोधन में डा। तनाशा हुड्डा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ कानूनी शिक्षा भी बहुत महत्वपूर्ण है। कानूनी शिक्षा प्राप्त करके विद्यार्थी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकते हैं। बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। निबंध लेखन, कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डा। सुनील देवी, प्रो। धर्मेंद्र व संदीप सिंह ने, स्लोगन लेखन व पेंटिंग में डा। अंजू रानी शर्मा, सरबजीत व प्रो। अजय प्रकाश ने व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में प्रो। रीनू, प्रो। कीर्ति व प्रो। प्रदीप मान ने अदा की। प्रतियोगिता के विषय समान्य अधिकारों की जानकारी, मौलिक कर्तव्य, बाल विवाह आदि रहे। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान पर रमन, द्वितीय स्थान पर खुशी व तृतीय स्थान पर मौसम रहे। कविता पाठ में प्रथम स्थान पर शिवम, द्वितीय स्थान पर खुशी व तृतीय स्थान पर भावना रहीं। पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान पर विधि, द्वितीय स्थान पर भावना व तृतीय स्थान पर अमन रहे। निबंध लेखन में विधि ने व पोस्टर मेकिंग में रमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।